आरोग्य वैन का शुभारंभ करती फाउंडेशन की हेड अनुपमा काटकर। • हिन्दुस्तान

क्विक हील ने बुन्देलखण्ड को दी आरोग्य वैन

राठ। बुन्देलखण्ड के हमीरपुर की तहसील राठ व सरीला क्षेत्र के गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं के कमी के चलते क्विक हील फाउडेंशन द्वारा सृजन एक सोच संस्था के सहयोग से मोबाइल वेन को हरी झंडी क्विक हील फाउंडेशन की हेड अनुपमा काटकर व सृजन एक सोच के फाउंडर सीईओ प्रभात सक्सेना ने दिखाई। इस दौरान सृजन एक सोच द्वारा करीब एक दर्जन डॉक्टरों को भी सृजन हेल्थ हीरो अवार्ड से सम्मानित किया। कोविड की दूसरी लहर के दौरान हुई मौतों के परिजनों को तीस-तीस हजार रुपये की चेक भी बांटी गई। प्राइमरी स्कूल के अध्यापकों को पल्स ऑक्सीमीटर और टेम्परेचर मीटर, मास्क, सेनेटाइजर किटें भी दी गई।